मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 42] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 15 अक्टूबर 2010—आश्विन 23, शक 1932

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2010

क्र. एफ-19-82-2010-एक-4.—राज्य शासन द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे, अंशदायी पेंशन योजना, 2008 के नियम, 14 के अंतर्गत राज्य स्तरीय सशक्त समिति का गठन किया जाता है :—

1.	मुख्य सचिव	अध्यक्ष
2.	अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.	सदस्य
3.	प्रमुख सचिव वित्त विभाग	सदस्य
4.	प्रमुख सचिव, मछली पालन विभाग	सदस्य
5.	प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं कुक्कुट विभाग	सदस्य
6.	सचिव, ग्रामोद्योग विभाग	सदस्य
7.	सचिव, श्रम विभाग	सदस्य
8.	सचिव, सामाजिक न्याय विभाग	सदस्य
9.	संचालक, संस्थागत वित्त	सदस्य
10.	आयुक्त, सामाजिक न्याय विभाग	सदस्य-सचिव

2. राज्य स्तरीय सशक्त समिति द्वारा योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक नीतिगत निर्णय लेने, बैंकों का निर्धारण करने, निधि प्रबंधक, प्रदाताओं को नियुक्त करने हेतु अधिकृत होंगी.

3. समिति की बैठक आवश्यकता अनुसार आहुत की जा सकेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. वर्मा, अतिरिक्त सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

गृह (सामान्य) विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 सितम्बर 2010

क्र. एफ-3-78-2010-दो-ए(3).—राज्य शासन द्वारा सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 19 जुलाई 2010 को प्रश्न पत्र दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया-द्वितीय (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)

उच्चस्तर

रीवा संभाग

1	श्री विमलेश सिंह पन्द्रो	डिप्टी कलेक्टर
2	श्री संतोष कुमार अहिरा	राजस्व निरीक्षक
3	श्री राकेश कुमार शुक्ला	राजस्व निरीक्षक

ग्वालियर संभाग

4	कु. स्वाती मीणा	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
5	श्री नाथूसिंह तोमर	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.

सागर संभाग

6	श्री संकेत एस. भोंड़वे	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
7	श्री मिलिन्द कुमार नागदेवे	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
8	श्री राजकुमार खत्री	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
9	कु. निमिषा जायसवाल	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
10	श्री स्वतंत्र कुमार सिंह	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
11	श्री रमेश कुमार जैन	नायब तहसीलदार

इन्दौर संभाग

12	श्री उदयसिंह मण्डलोई	राजस्व निरीक्षक
13	श्री महेन्द्र गौड़	राजस्व निरीक्षक (सश्रेय)
14	श्री ओमप्रकाश बैड़ा	राजस्व निरीक्षक
15	श्री राजेश सरवरे	राजस्व निरीक्षक
16	सुश्री माधवी नागेन्द्र	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
17	श्री गोविन्द दास रावत	राजस्व निरीक्षक

जबलपुर संभाग

18	श्री वीरसिंह चौहान	डिप्टी कलेक्टर
19	श्री संजय कुमार दुबे	राजस्व निरीक्षक
20	श्रीमती निधि सिंह राजपूत	डिप्टी कलेक्टर
21	श्री प्रकाशसिंह चौहान	डिप्टी कलेक्टर
22	श्री आदेश राय	डिप्टी कलेक्टर
23	श्री राजेन्द्र प्रसाद सेन	राजस्व निरीक्षक
24	कु. सुरभी सोनी	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)

उज्जैन संभाग

25	श्री नागरगोजे मदन विभिषण	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)

भोपाल संभाग

26	कु. लता शरणागत	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
27	श्री अविनाश लवानिया	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
28	कु. प्रीति मैथिल	सहायक कलेक्टर
29	श्री अजय गुप्ता	सहायक कलेक्टर
30	श्री अमित तौमर	सहायक कलेक्टर
31	श्री श्रीकान्त बनोट	सहायक कलेक्टर (सश्रेय)
32	सुश्री प्रियंका दास	सहायक कलेक्टर
33	श्री इलैयराजा टी.	सहायक कलेक्टर
34	श्री धनुराजू एस.	सहायक कलेक्टर
35	श्री सुशील कुमार	नायब तहसीलदार
36	कु. प्रियंका पालीवाल	डिप्टी कलेक्टर
37	श्री महीप किशोर तेजस्वी	डिप्टी कलेक्टर
38	श्री मोतीलाल अहिरवार	नायब तहसीलदार
39	श्रीमती सूफ़िया फारूकी	सहायक कलेक्टर
40	श्री रजनीश कसेरा	डिप्टी कलेक्टर (सश्रेय)
41	श्री अभिषेक दुबे	डिप्टी कलेक्टर
42	श्री कृष्ण कुमार रावत	डिप्टी कलेक्टर
43	श्रीमती श्वेता पंवार	डिप्टी कलेक्टर
44	कु. वंदना मेहरा	डिप्टी कलेक्टर
45	श्री अखिलेश कुमार जैन	डिप्टी कलेक्टर
46	श्री नरोत्तम प्रसाद भार्गव	डिप्टी कलेक्टर
47	श्री प्रदीप जैन	डिप्टी कलेक्टर

निम्नस्तर

रीवा संभाग

1	श्री मानसिंह आर्मो	नायब तहसीलदार
2	श्री भूवनेश्वर सिंह	राजस्व निरीक्षक
3	श्री मधुकर प्रसाद पाण्डे	सहायक अधीक्षक, भू-अधि
4	श्री राजेन्द्र प्रसाद मांझी	राजस्व निरीक्षक
5	श्री ललीत कुमार धार्वे	राजस्व निरीक्षक
6	श्री हरिहर प्रसाद पनिका	राजस्व निरीक्षक
7	श्री लालाराम सूर्यवंशी	राजस्व निरीक्षक
8	श्री रामकनेश साकेत	राजस्व निरीक्षक
9	श्री गंगाराम पनिका	राजस्व निरीक्षक
10	श्री वैद्यनाथ पाण्डेय	राजस्व निरीक्षक

ग्वालियर संभाग

11	श्री दर्शनलाल	राजस्व निरीक्षक
12	श्री लालसिंह राजपूत	राजस्व निरीक्षक

13	श्री लोकमणि शाक्य	राजस्व निरीक्षक
14	श्री मुकेश कुमार दुबे	राजस्व निरीक्षक
15	श्री संतोष सिंह चौहान	राजस्व निरीक्षक
16	श्री विश्राम शाक्य	राजस्व निरीक्षक
17	श्री महेश कुमार माहौर	राजस्व निरीक्षक
18	श्री शिवनन्दन सिंह कुशवाह	राजस्व निरीक्षक
19	श्री राकेश कुमार ढोड़ी	राजस्व निरीक्षक
20	श्री एस. आर. गोयल	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
21	श्री शत्रुहन सिंह चौहान	नायब तहसीलदार
22	श्री सुरेश यादव	राजस्व निरीक्षक
23	श्री विमल कुमार कुलश्रेष्ठ	राजस्व निरीक्षक
24	श्री गोपाल सिंह तौमर	राजस्व निरीक्षक
25	श्री शिवदयाल शर्मा	राजस्व निरीक्षक
26	श्री उमाशंकर अग्रवाल	राजस्व निरीक्षक
27	श्री मुन्नालाल गौड़	राजस्व निरीक्षक
28	श्री मुन्ना सिंह गुर्जर	राजस्व निरीक्षक

सागर संभाग

29	श्री बैजनाथ सिंह मरावी	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
30	श्री चन्द्र कुमार श्रीवास्तव	राजस्व निरीक्षक
31	श्री महेन्द्र प्रताप उदैनिया	राजस्व निरीक्षक
32	श्री अशोक कुमार मौर्य	राजस्व निरीक्षक
33	श्री धनीराम सिंह गौड़	राजस्व निरीक्षक
34	श्री ललित वेद	

इन्दौर संभाग

35	श्री मोबिन खान	राजस्व निरीक्षक
36	श्री माधवसिंह रावत	अधीक्षक, भू-अभि.
37	श्री बारसिंह डुडवे	नायब तहसीलदार
38	श्री जगन्नाथ सालवे	नायब तहसीलदार
39	श्री नरेश कुमार शर्मा	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
40	श्री मगनसिंह मण्डलोई	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
41	श्री सुखराम गोलकर	राजस्व निरीक्षक
42	श्री महेन्द्र कुमार बड़ोले	राजस्व निरीक्षक
43	श्री मनोहर अत्रे	राजस्व निरीक्षक
44	श्री खुमानसिंह चौहान	राजस्व निरीक्षक
45	श्री विजेन्द्र राठौर	राजस्व निरीक्षक
46	श्री सुरेश चन्द्र जैन	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
47	श्री दिलीप गंगराड़े	राजस्व निरीक्षक
48	श्री राजेश जमरा	राजस्व निरीक्षक
49	श्री रेमसिंह बघेल	राजस्व निरीक्षक
50	श्री राजेन्द्र सिंह चौहान	राजस्व निरीक्षक
51	श्री शिवाकान्त पाण्डे	राजस्व निरीक्षक
52	श्री सुनील करवरे	राजस्व निरीक्षक
53	श्री विनय मोहन तिवारी	राजस्व निरीक्षक
54	श्री रमेश चौधरी	राजस्व निरीक्षक
55	श्री रमेशचन्द्र दोगने	राजस्व निरीक्षक
56	श्री दीपक कुमार गीते	राजस्व निरीक्षक
57	श्री सुन्दरलाल ठाकुर	राजस्व निरीक्षक
58	श्री पुरुषोत्तम लाड़	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
59	श्री बालचन्द्र देवलिया	राजस्व निरीक्षक
60	श्री भगवानसिंह ठाकुर	राजस्व निरीक्षक
61	श्री ओमप्रकाश पाण्डे	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
62	श्री विनोद साहू	राजस्व निरीक्षक
63	श्री विजय उपाध्याय	राजस्व निरीक्षक
64	श्री अरविन्द पाराशर	राजस्व निरीक्षक
65	श्री रामेश्वर खेरदे	राजस्व निरीक्षक
66	श्री नंदकिशोर मालवीय	राजस्व निरीक्षक
67	श्री महेन्द्र सिंह बघेल	राजस्व निरीक्षक

जबलपुर संभाग

68	श्री नरेन्द्र कुमार खरे	राजस्व निरीक्षक
69	श्री उमराव सिंह ठाकुर	राजस्व निरीक्षक
70	श्री भरतलाल पाटिलकर	राजस्व निरीक्षक
71	श्री कुंजबिहारी रघुवंशी	सहायक अधीक्षक, भू-अभि.
72	कु. सुनीता खण्डायत	डिप्टी कलेक्टर
73	श्री जगभान शाह उईके	राजस्व निरीक्षक
74	श्री दुलारे लाल पटेल	राजस्व निरीक्षक

उज्जैन संभाग

75	श्री जगदीश प्रसाद शर्मा	नायब तहसीलदार

भोपाल संभाग

76	श्री गोपाल प्रसाद प्रजापति	राजस्व निरीक्षक
77	श्री राजेश राम	राजस्व निरीक्षक
78	श्री आर. एस. इरपाचे	अधीक्षक, भू-अभिलेख
79	श्री भूपेन्द्र कुमार गोयल	डिप्टी कलेक्टर
80	श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर	डिप्टी कलेक्टर
81	श्री अभिषेक सिंह	सहायक कलेक्टर
82	श्री तरूण कुमार पिछोड़े	सहायक कलेक्टर
83	श्री तेजस्वी एस. नायर	सहायक कलेक्टर
84	श्री नवल किशोर प्रभाकर	वरिष्ठ श्रेणी पारगामी
85	श्री राम प्रसाद नागर	राजस्व निरीक्षक
86	श्रीमती अलका सिंह	नायब तहसीलदार
87	श्री ब्रजेश सक्सेना	नायब तहसीलदार
88	श्री हृदयेश कुमार श्रीवास्तव	डिप्टी कलेक्टर
89	कु. नेहा भारतीय	डिप्टी कलेक्टर
90	श्री रिंकेश कुमार वैश्य	डिप्टी कलेक्टर

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

चन्द्रहास दुबे, सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 5 अक्टूबर 2010

फा. क्र. 4-1-2002-इक्कीस-ब(एक) .—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 14 अगस्त 2002 के अनुक्रम में उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1994 (1984 का सं. 66) की धारा 4 के अधीन इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4 मार्च 2002 द्वारा गठित कुटुम्ब न्यायालयों में मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3(4) के अंतर्गत उच्च न्यायिक सेवा के सदस्य श्रीमती आराधना चौबे, जिला न्यायाधीश सागर को कुटुम्ब न्यायालय सागर में प्रधान न्यायाधीश के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने की दिनांक 10 सितम्बर 2011 अथवा आगामी आदेश होने तक (जो भी पहले हो) नियुक्त करता है.

उक्त न्यायिक अधिकारी को देय वेतन तथा भत्तों का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3(4) के अंतर्गत होगा.

फा. क्र. 4-1-2002-इक्कीस-ब(एक) .—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा को मान्य करते हुये कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1994 (1994 का सं. 66) की धारा 4 के अधीन इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 3 सितम्बर 2010 द्वारा गठित कुटुम्ब न्यायालय टीकमगढ़ में मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3(3) के अंतर्गत उच्चतर न्यायिक सेवा के सदस्य श्री आनंद मोहन खरे, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम, सतना को प्रधान न्यायाधीश के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अथवा आगामी आदेश होने तक नियुक्त करता है.

उक्त न्यायिक अधिकारी को देय वेतन तथा भत्तों का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3(3) के अंतर्गत होगा.

भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2010

फा. क्र. 1(अ)-3-03-इक्कीस-ब(दो) .—राज्य शासन महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर में नियुक्त शासकीय अधिवक्ता श्री विजयशंकर पाण्डे को पदोन्नत कर निम्नानुसार निश्चित पारिश्रमिक पर समन्वय से उच्च न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिये उप महाधिवक्ता के पद पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करता है. उक्त अवधि में दोनों पक्ष एक माह का नोटिस देकर यह संविदा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे :—

महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर

क्रमांक	अधिवक्ता का नाम	पद	पारिश्रमिक प्रतिमाह
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री विजयशंकर पाण्डे	उप महाधिवक्ता	23,000/-

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014 न्याय प्रशासन (14) कानूनी सलाहकार और परिषद (3428) महाधिवक्ता-01-वेतन-001-अधिकारियों वेतन के अंतर्गत विकलनीय होगा.

फा. क्र. 1(अ)-3-03-इक्कीस-ब(दो) .—राज्य शासन महाधिवक्ता कार्यालय जबलपुर में श्री एस. के. राय, अधिवक्ता को उनके नाम के समक्ष दर्शाये गये पद एवं निश्चित मासिक पारिश्रमिक पर समन्वय से उच्च न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिये शासकीय अधिवक्ता के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष के लिए नियुक्त करता है. उक्त अवधि में दोनों पक्ष एक माह का नोटिस देकर यह संविदा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे :—

महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर

क्रमांक	अधिवक्ता का नाम	पद	पारिश्रमिक प्रतिमाह
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री एस. के. राय	शासकीय अधिवक्ता	20,000/-

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014 न्याय प्रशासन (14) कानूनी सलाहकार और परिषद (3428) महाधिवक्ता-01-वेतन-001-अधिकारियों वेतन के अंतर्गत विकलनीय होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2010

फा. क्र. 1(बी)-43-2004-इक्कीस-ब(दो) .—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री रामनिवास सिंह तोमर पुत्र स्व. श्री रूपसिंह तोमर, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये मुरैना सत्र खण्ड के मुरैना राजस्व जिले के अतिरिक्त लोक अभियोजक, अम्बाह नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

भोपाल, दिनांक 5 अक्टूबर 2010

संशोधन आदेश

फा. क्र. 1(सी)-23-08-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, लोकायुक्त संगठन के पत्र क्र. 2858, दिनांक 16 सितम्बर 2009 के अनुक्रम में माननीय उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ जबलपुर में विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल के दाण्डिक प्रकरणों, अपील पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन) भोपाल की ओर से पैरवी हेतु श्री आदित्य अधिकारी, अधिवक्ता, जबलपुर को रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार) (जिसमें संगठन द्वारा प्रदत्त दाण्डिक से भिन्न मामलों का पारिश्रमिक भी शामिल है) के मासिक पारिश्रमिक पर धारा 24(8) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत समसंख्यक आदेश दिनांक 9 अक्टूबर 2009 से एक वर्ष की अवधि के विशेष लोक अभियोजक के रूप में की गई नियुक्ति के कार्यकाल में दिनांक 9 अक्टूबर 2010 से 8 अक्टूबर 2011 तक की कार्यकाल अभिवृद्धि की जाती है. इसके अलावा वे संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय भी पा सकेंगे. प्रत्येक माह बिल की राशि का भुगतान लोकायुक्त संगठन करेगा.

उक्त अवधि में दोनों पक्ष एक माह का सूचना-पत्र देकर संविदा समाप्त करने के लिये स्वतन्त्र होंगे.

(**नोट.**—विशेष लोक अभियोजक विधि विभाग नियमावली के अन्तर्गत दाण्डिक अपील व पुनरीक्षण प्रस्तुति के पूर्व अनुमति प्राप्त की गई होना सुनिश्चित करेंगे).

संशोधन आदेश

फा. क्र. 1(सी)-23-08-इक्कीस-ब(दो).—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 9 अक्टूबर 2009 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इन्दौर में विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल के दाण्डिक प्रकरणों, अपील, पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन) भोपाल की ओर से पैरवी हेतु नियुक्त श्री एल. एन. सोनी, अधिवक्ता, इन्दौर जिन्हें धारा 24(8) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत एक वर्ष की अवधि के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है, उन्हें उनकी तथा विभाग की सहमति से उनकी उक्त नियुक्ति का कार्यकाल निम्नांकित शर्त विलोपित करते हुए दिनांक 9 अक्टूबर 2010 से दिनांक 8 अक्टूबर 2011 तक की अभिवृद्धि की जाती है.

आदेश दिनांक 9 अक्टूबर 2009 में निर्धारित फीस की शर्त को उनके अतिरिक्त महाधिवक्ता का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से विलोपित किया जाता है.

संशोधन आदेश

फा. क्र. 1(सी)-23-08-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, लोकायुक्त संगठन के पत्र क्र. 2858, दिनांक 16 सितम्बर 2009 के अनुक्रम में माननीय उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ ग्वालियर में विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, भोपाल के दाण्डिक प्रकरणों, अपील पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन) भोपाल की ओर से पैरवी हेतु श्री जयसिंह डी. सूर्यवंशी, अधिवक्ता, ग्वालियर को रु. 18,000/- (रु. अठ्ठारह हजार) (जिसमें संगठन द्वारा प्रदत्त दाण्डिक से भिन्न मामलों का पारिश्रमिक भी शामिल है) के मासिक पारिश्रमिक पर धारा 24(8) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत समसंख्यक आदेश दिनांक 9 अक्टूबर 2009 से एक वर्ष की अवधि के विशेष लोक अभियोजक के रूप में की गई नियुक्ति के कार्यकाल में दिनांक 9 अक्टूबर 2010 से 8 अक्टूबर 2011 तक की कार्यकाल अभिवृद्धि की जाती है. इसके अलावा वे संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय भी पा सकेंगे. प्रत्येक माह बिल की राशि का भुगतान लोकायुक्त संगठन करेगा.

उक्त अवधि में दोनों पक्ष एक माह का सूचना-पत्र देकर संविदा समाप्त करने के लिये स्वतन्त्र होंगे.

(**नोट.**—विशेष लोक अभियोजक विधि विभाग नियमावली के अन्तर्गत दाण्डिक अपील व पुनरीक्षण प्रस्तुति के पूर्व अनुमति प्राप्त की गई होना सुनिश्चित करेंगे).

फा. क्र. 4-1-2002-इक्कीस-ब(एक)-**शुद्धि-पत्र.**—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 5 अक्टूबर 2010 की आठवीं पंक्ति में दिनांक 10-9-2011 के स्थान पर 11-9-2012 पढ़ा जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिनेश नायक, सचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2010

क्र. एफ-30-7-99-दस-3.—मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के नियम 5 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, प्रदेश के अन्दर व बाहर वन उपज की मात्रा अनुसार दरें निर्धारित कर परिवहन के लिए परिवहन अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिये निम्नानुसार शुल्क निर्धारित करता है :—

वनोपज की मात्रा	**दर (प्रति ट्रक)**
(1) दो घनमीटर तक	200/-
(2) 2 से 5 घनमीटर तक	300/-
(3) 5 घनमीटर से अधिक	400/-

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2010

क्र. एफ-30-7-99-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग का अधिसूचना क्रमांक-30-7-99-दस-3, दिनांक 4 अक्टूबर 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal the 4th October 2010

No.-F-30-7-99-X-3.—In exercise of the powers conferred by Rule 5 of the Madhya Pradesh Transit (Forest Produce) Rules, 2000, the State Government hereby prescribes the following fee to be recoved for issue of Transit Pass for quantity of forest produce within or outside the state, as follows :—

Quantity of Forest Produce	**Amount (Per truck)**
1. Upto 2 cubic mtr.	200/-
2. 2 to 5 —"—	300/-
3. Above 5 cubic mtr.	400/-

By order and in the name of the
Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2010

क्र. एफ-25-45-2010-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के उपबंधों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित की गई वन भूमि/बंजर भूमि पर लागू होने की घोषणा इन शर्तों के अधीन रहते हुए करता है कि व्यक्तियों एवं समुदायों के वर्तमान अधिकार जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर रूपभेदित किये जाएं, के अतिरिक्त किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जावेंगे :—

अनुसूची

जिला—उज्जैन, तहसील—उज्जैन, वनमंडल—उज्जैन (सामान्य), वन परिक्षेत्र—उज्जैन

क्र.	वनखण्ड का नाम	वन या/बंजर भूमि का नाम	खसरा क्रमांक	रकबा (हेक्टर में)	सीमाऐं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	गोयलाखुर्द	गोयलाखुर्द (चरनोई भूमि)	147/1 भाग 147/3 भाग योग	0.794 1.247 2.041	**उत्तर.**—मोतीनगर एवं गोयलाचौकी बस्ती की दक्षिणी सीमा रेखा एवं खसरा क्रमांक 147/1 एवं 147/3 का शेष भाग. **पूर्व.**—रास्ता एवं निजी भूमि खसरा क्रमांक 147/4/1, 147/ 4/2 एवं 147/7 की पश्चिमी सीमा रेखा. **दक्षिण.**—क्षिप्रा नदी की प्राकृतिक सीमा. **पश्चिम.**—सामाजिक वानिकी की भूमि खसरा क्रमांक 143/2/1, 143/2/3 एवं 143/3/1

वनीकरण का कारण.—उक्त गैर वनभूमि गैर वानिकी कार्य हेतु व्यपवर्तित वनभूमि के बदले वन विभाग को हस्तांतरण, नामांतरण एवं क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्राप्त होने से संरक्षित वन बनाये जाने का प्रस्ताव अधिसूचना हेतु तैयार किया गया है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2010

क्र. एफ-25-45-2010-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-45-2010-दस-3-2010, दिनांक 4 अक्टूबर 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 4th October 2010

No. F-25-45-2010-X-3.—In exercise of the powers conferred by Section 29 of the Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government hereby declares the provisions of chapter IV of the said Act applicable to the forest land/waste land, specified in the Schedule below, subject to the conditions that the existing rights of individuals or communities shall not be abridged or affected in any manner, except in so far as they may be modified by the State Government from time to time :—

SCHEDULE

District—Ujjain, Forest Division—Ujjain(Territorial), Tehsil—Ujjain, Forest Range—Ujjain

S. No.	Name of Forest Block	Name of Forest or Waste Land	Khasra No.	Area (in Hectare)	Boundaries
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	Goyala khurd	Goyala khurd (Charnoyi Land)	147/1 Part 147/3 Part Total	0.794 1.247 2.041	**North.**—Southern boundary line of Moti nagar and Goyala Choki habitation and remaining part of khasra number 147/1 and 147/3. **East.**—Road and Western boundary of private land Khasra number 147/4/1, 147/4/2 and 147/7. **South.**—Natural boundary of River Shipra. **West.**—Social Forestry land khasra number 143/2/1, 143/2/3 and 143/3/1.

Reason for afforestation.—Above non forest land has been allotted and transferred to the Forest Department for carrying out compensatory afforestation in exchange of equal area of deverted forest land. Notification proposal for protected forest has been prepared.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग

भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2010

क्र. 301-001-97.—मध्य प्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेश क्र. एफ 5-4-2004-उन्तीस-2, दिनांक 28 जनवरी 2004 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, होशंगाबाद को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, खण्डवा तथा मण्डलेश्वर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है. यह व्यवस्था जिला फोरम खण्डवा में अध्यक्ष की नियुक्ति होने अथवा आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी.

माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य आयोग के आदेशानुसार,

महेश प्रसाद अवस्थी, रजिस्ट्रार.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

आदेश

भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2010

क्र. एफ.-67-167-10-तीन-2719.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)" दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत, निवाड़ी, जिला टीकमगढ़** के आम निर्वाचन में **श्री कुम्हार लालाराम,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत, निवाड़ी, जिला टीकमगढ़** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी **टीकमगढ़** के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टीकमगढ़ के पत्र क्रमांक न.नि.-व्यय लेखा-10-406, दिनांक 29 जनवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री कुम्हार लालाराम** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री कुम्हार लालाराम** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 18 फरवरी, 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, टीकमगढ़ के माध्यम से दिनांक 10 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताने हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

श्री कुम्हार लालाराम को नोटिस दिनांक 10 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 25 मार्च, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. नोटिस की तामीली उपरान्त कलेक्टर टीकमगढ़ ने अपने पत्र दिनांक 4 मई 2010 में लेख किया कि "**श्री कुम्हार लालाराम** को जारी कारण बताओ नोटिस की तामीली के पश्चात् नोटिस में उल्लिखित अवधि में अपना निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है." उक्त अभ्यावेदन प्राप्त होने पर विचारोपरांत आयोग द्वारा दिनांक 31 मई 2010 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 7 जून 2010 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा दिनांक 6 जून 2010 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री कुम्हार लालाराम** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर पंचायत, **निवाड़ी,** जिला टीकमगढ़ का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से पांच वर्ष (05वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(रजनी उइके)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दमोह, दिनांक 14 सितम्बर 2010

क्र. भू-अ.अ.-2010-11.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हूं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुका	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	जबेरा	बगलवारा	27.03	कार्यपालन यंत्री, पंचम नगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	कुसमी जलाशय के बांध एवं डूब क्षेत्र हेतु.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तेंदूखेड़ा (दमोह) एवं कार्यपालन यंत्री, पंचम नगर सर्वेक्षण हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

दमोह, दिनांक 22 सितम्बर 2010

क्र. 2209-भू-अ.अ.-2010-11-प्र.क्र. 17-अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-4 की उपधारा (2) द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील का नाम	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	पटेरा	सगौनी	कुल भूमि 1.08	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	सगौनी जलाशय योजना की नहर निर्माण में आने वाली भूमि का अर्जन.
			योग : 1.08		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, उपखण्ड हटा एवं कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण, संभाग हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

दमोह, दिनांक 30 सितम्बर 2010

क्र. 2256-भू-अ.अ.-2010-11-रा. प्र.क्रं. 16-अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-4 की उपधारा (2) के द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील का नाम	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	हटा	बिनती	कुल भूमि 3.29	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	बिनती जलाशय योजना की नहर निर्माण में आने वाली भूमि का अर्जन.
			योग : 3.29		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा एवं कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग, हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

दमोह, दिनांक 5 अक्टूबर 2010

क्र. 2284-भू-अ.अ.-2010-11-रा. प्र.क्रं. 16-अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-4 की उपधारा (2) द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील का नाम	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	हटा	मझगुवां अमान, हिनमत पटी, हिनौता	कुल भूमि 7.50	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	पिपरिया जलाशय योजना की नहर निर्माण में आने वाली भूमि का अर्जन.
			योग : 7.50		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा एवं कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग, हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

दमोह, दिनांक 6 अक्टूबर 2010

क्र. 2282-भू-अ.अ.-2010-11-रा. प्र.क्रं. 16-अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-4 की उपधारा (2) के द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील का नाम	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	बटियागढ़	आंजनी	कुल भूमि 35.57	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	बेलखेड़ी जलाशय योजना निर्माण में आने वाली भूमि.
			योग : 35.57		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा एवं कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग, हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

क्र. 2283-भू-अ.अ.-2010-11-रा. प्र.क्रं. 16-अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-4 की उपधारा (2) के द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुका	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	बटियागढ़	पथरिया एवं कैथोरा	कुल भूमि 78.76	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	पथरिया जलाशय योजना एवं नहर निर्माण में आने वाली भूमि का अर्जन.
			योग : 78.76		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा एवं कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग, हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. पी. सिंह सलूजा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला भिण्ड, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

भिण्ड, दिनांक 21 जुलाई 2010

क्र. क्यू-कोर्ट-कले.-राजस्व-02-भू-अर्जन-09-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (7) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बन्ध में, उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 (2) के अंतर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	सर्वे नंबर	क्षेत्रफल रकबा (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
भिण्ड	गोहद	गोहद	2647/1	0.062	जिला शिक्षा अधिकारी जिला भिण्ड	शा. बा. उ. उ.मा. वि. गोहद हेतु.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी गोहद के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी जिला भिण्ड के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रघुराज राजेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला खरगोन, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

खरगोन, दिनांक 24 सितम्बर 2010

क्र. 1526-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1), सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	कायतखेंड़ी	12.067	महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पो. लिमि. मण्डलेश्वर.	महेश्वर जल विद्युत परियोजना के डूब क्षेत्र में आने के कारण.

नोट:—भूमि का नक्शा (प्लान) (1) कलेक्टर जिला खरगोन, (2) भू-अर्जन अधिकारी, महेश्वर जल विद्युत परियोजना मण्डलेश्वर, मुख्यालय खरगोन (3) कार्यपालन अभियंता (सिविल-1) महेश्वर जल विद्युत परियोजना, म.प्र.रा.वि. मण्डल मण्डलेश्वर, (4) महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पोरेशन लिमि. मण्डलेश्वर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 1527-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1), सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	शिवरामपुरा	5.174	महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पो. लिमि. मण्डलेश्वर	महेश्वर जल विद्युत परियोजना के डूब क्षेत्र में आने के कारण

(2) **नोट:**—भूमि का नक्शा (प्लान) (1) कलेक्टर, जिला खरगोन, (2) भू-अर्जन अधिकारी, महेश्वर जल विद्युत परियोजना मण्डलेश्वर, मुख्यालय खरगोन (3) कार्यपालन अभियंता (सिविल-1) महेश्वर जल विद्युत परियोजना, म.प्र.रा.वि. मण्डल मण्डलेश्वर, (4) महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पोरेशन लिमि. मण्डलेश्वर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 1525-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1), सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	महेश्वर	सेजगांव	0.729	महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पो. लिमि. मण्डलेश्वर	महेश्वर जल विद्युत परियोजना के डूब क्षेत्र में आने के कारण

(2) **नोट:**—भूमि का नक्शा (प्लान) (1) कलेक्टर, जिला खरगोन, (2) भू-अर्जन अधिकारी, महेश्वर जल विद्युत परियोजना मण्डलेश्वर, मुख्यालय खरगोन (3) कार्यपालन अभियंता (सिविल-1) महेश्वर जल विद्युत परियोजना, म.प्र.रा.वि. मण्डल मण्डलेश्वर, (4) महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पोरेशन लिमि. मण्डलेश्वर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 1524-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि

के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1), सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	महेश्वर	पाण्डयाघाट	0.977	महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पो. लिमि. मण्डलेश्वर	महेश्वर जल विद्युत परियोजना के डूब क्षेत्र में आने के कारण

(2) **नोट:**—भूमि का नक्शा (प्लान)—(1) कलेक्टर, जिला खरगोन, (2) भू-अर्जन अधिकारी, महेश्वर जल विद्युत परियोजना मण्डलेश्वर, मुख्यालय खरगोन (3) कार्यपालन अभियंता (सिविल-1) महेश्वर जल विद्युत परियोजना, म.प्र.रा.वि. मण्डल मण्डलेश्वर, (4) महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पोरेशन लिमि. मण्डलेश्वर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 1523-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1), सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	महेश्वर	पथराड़ बुजूर्ग	8.387	महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पो. लिमि. मण्डलेश्वर	महेश्वर जल विद्युत परियोजना के डूब क्षेत्र में आने के कारण.

(2) **नोट:**—भूमि का नक्शा (प्लान)—(1) कलेक्टर, जिला खरगोन, (2) भू-अर्जन अधिकारी, महेश्वर जल विद्युत परियोजना मण्डलेश्वर, मुख्यालय खरगोन (3) कार्यपालन अभियंता (सिविल-1) महेश्वर जल विद्युत परियोजना, म.प्र.रा.वि. मण्डल मण्डलेश्वर, (4) महाप्रबंधक श्री महेश्वर हायडल पॉवर कार्पोरेशन लिमि. मण्डलेश्वर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

खरगोन, दिनांक 29 सितम्बर 2010

क्र. 1555-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अंतर्गत संबंधित व्यक्तियों को

इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	खडकेल	5.711	कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास नहर संभाग, खरगोन.	इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहर की वितरण शाखा एवं अन्य नहरों के निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु,

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर कार्यालय खरगोन/भू-अर्जन अधिकारी, इंदिरा सागर परियोजना (नहरे) खरगोन एवं कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास नहर संभाग, खरगोन के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 1556-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अंतर्गत संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	शाहबाद	13.114	कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग, क्रमांक-24, खरगोन.	इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहर की वितरण शाखा एवं अन्य नहरों के निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर कार्यालय खरगोन/भू-अर्जन अधिकारी, इंदिरा सागर परियोजना (नहरे) खरगोन एवं कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास नहर संभाग क्रमांक-24, खरगोन के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 1557-भू-अर्जन-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अंतर्गत संबंधित व्यक्तियों को

इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	रशीदपुरा	2.889	कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग, क्रमांक-24, खरगोन.	इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहर की वितरण शाखा एवं अन्य नहरों के निर्माण एवं उससे संबंधित अन्य कार्य हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर कार्यालय खरगोन/भू-अर्जन अधिकारी, इंदिरा सागर परियोजना (नहरे) खरगोन एवं कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-24, खरगोन के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
केदार शर्मा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

शाजापुर, दिनांक 27 सितम्बर 2010

क्र. भू-अर्जन-2010-584.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में बताये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अधीन इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
शाजापुर	कालापीपल	अलीसरिया	2.803	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग शाजापुर.	अरनिया से कोठडीकलां पहुंच मार्ग हेतु.
		निपानियाखुर्द	3.909		
		बदलपुर	2.322		
		पोचानेर	9.203		
		रोलाखेडी	1.289		
		अरनियाकलाँ	1.895		
		योग . .	21.421		

नोट.—भूमि का नक्शा एवं प्लान का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, अनुविभाग शुजालपुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

शाजापुर, दिनांक 28 सितम्बर 2010

क्र. भू-अर्जन-2010-598.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में बताये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है पड़ने की संभावना है, अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंध के अधीन इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अंतर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	अर्जित की जाने वाली भूमि	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
शाजापुर	शुजालपुर	मेहरखेडी	0.533	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि., शाजापुर	मेहरखेडी से कालापीपल मार्ग हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा एवं प्लान का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, अनुविभाग शुजालपुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सोनाली एन. वायंगणकर, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला इंदौर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

इंदौर, दिनांक 28 सितम्बर 2010

क्र. 767-भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) संशोधित अधिनियम 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अंतर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
इंदौर	इंदौर	राऊ	0.501	उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) द्वितीय, रतलाम (म. प्र.).	नई बड़ी रेल्वे लाईन इंदौर-दाहोद बरास्ता (झाबुआ-धार-पीथमपुर) परियोजना के अंतर्गत.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण जिलाध्यक्ष, इंदौर के कार्यालय में किया जा सकता है.

महू, दिनांक 29 सितम्बर 2010

क्र. 1921-भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वांछित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5-"अ" के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होगें, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
इंदौर	डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)	सिमरोल	0.368	संचालक, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग, मध्यप्रदेश शासन	आई.आई.टी. की स्थापना
		योग . .	0.368		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिए भूमि की आवश्यकता है—आई.आई.टी. की स्थापना के लिए

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी तहसील (महू) डॉ. अम्बेडकर नगर जिला इंदौर के कार्यालय में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राघवेन्द्र सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रतलाम, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रतलाम, दिनांक 30 सितम्बर 2010

क्र. 5269-भू-अर्जन-2010. प्रकरण कमांक 7-अ-82-2009-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता हैं. अतः भू-अर्जन अधिनियम 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रतलाम	जावरा	मोहम्मद नगर	0.170	संभागीय प्रबंधक, म. प्र. सड़क विकास निगम, उज्जैन.	उज्जैन-उन्हेल-नागदा धिनौदा जावरा मार्ग का टू-लेन निर्माण बी.ओ.टी. योजनान्तर्गत निर्माण हेतु निजी भूमि का अर्जन.

(2) भूमि का नक्षा व प्लान का निरीक्षण—अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी उपखण्ड, जावरा के कार्यालय में किया जा सकता हैं.

